
SHRI VAYALAR RAVI : Sir, the hon. Members from the other side projected a picture as if something great has been achieved. Before I speak on the President's Address, I would like to point out that the hon. Member, Shri Venkatah Naidu, was very vocal on the issue of Bihar. He was accusing the Congress Party that it used it many times. It is a fact. Nobody denies that. But, the question today is: What was your position in those days? You were opposing all alone. You were criticising the Congress Government for the action taken against the State Governments and for the dismisal of some State Governments. Even in courts, this has been challenged. That is a different matter. You are a political party earlier known as Jan Sangh. You are a political party with birth and rebirth; from Hindu Mahasabha to Jan Sangh, from Jan Sangh to Janata Party, from Janata Party to BJP. You are that kind of...*(Interruptions)*... This is a kind of evolution. ....*(Interruptions)* But, nothing has changed. ....*(Interruptions)*.... Only the name has changed. ....*(Interruptions)*... The RSS character never changed. ...*(Interruptions)*... At any point of time, did you support the dismisal of any State Government? You resourted to this in 1977 when you came to power. The present Prime Minister was the Minister of External Affairs and the present Home Minister was the Minister of Information and Broadcasting. They jointly took a decision to dismiss all the Congress Governments. Forgetting that fact, Mr. Naidu was trying to justify the action which they took. What is the reason? The reason which they have mentioned is breakdown of law and order. If it is so, which Government should go first? ...*(Interruptions)*... He was quoting. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Mr. Ravi, are you yielding? ...*(Interruptions)*...

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh): It is not merely the law and order. ...*(Interruptions)*...

SHRI VAYALAR RAVI: I admit that. ...*(Interruptions)*... At least, it was one of the reasons. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): No cross-talking, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI VAYALAR RAVI: If there is any Government which has to go first, it is the Government of Gujarat. They perpetrated hatred on the society by dividing the people on casteist lines, communal lines and on religious lines. They have committed atrocities on the minorities. I had an opportunity of visiting Gujarat and taking evidence. Sir, a believer in Hinduism never insults a dead body. But, the Bajrang Dal people have done it in Gujarat. There were 38 instances of atrocities in three months. Sir, apart from all this, ...*(Interruptions)*... I have given a report. ...*(Interruptions)*...

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI (Gujarat) : There has been nothing like that. ....*(Interruptions)*...

श्री ओंकार सिंह लखावत: ऐसा कोई आरोप न लगाएं जिससे कि देश में फिर कोई गलतफहमी पैदा हो...(व्यवधान) कम से कम ऐसा कोई आरोप नहीं लगाएं। ...(व्यवधान)

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल: मिसलीड कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

डा० (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल (गुजरात) : जो फैक्ट्स हैं वे तो फैक्ट्स हैं।...(व्यवधान)

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: It is a misleading statement. ...*(Interruptions)*... It is a wrong statement. ...*(Interruptions)*...

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, when I was at Ahmedabad, I saw a statement issued by a Minister there. ...*(Interruptions)*... I can name him. ...*(Interruptions)*... Sir, there is a cell in the Police Department which deals with those reports in which minority community boys have married Hindu girls. ...*(Interruptions)*... They would make a report to the police and getacase of kidnapping registered. There are three or four cases of harassment, in my hands. We have come to know from reliable sources that the people who are commiting atrocities on the minorities are enjoying the patronage of the Government there. A Minister there was trying to justify it. They never made any inquiry. No action was taken. This is what is happening in the State of Gujarat. I believe, the first Government which must go is the Government of Gujarat. Then comes the Maharashtra Government. There was a Commission called the Srikrishna Commission. In its report, this Commission said categorically that there was involvement of certain people in authority. The then Chief Minister said, "Instead of arresting those persons, I am prepared to quit. I do not accept this Report because the Judge is biased." This Commission exposed the atrocities which were committed on the minorities in Maharashtra. Every day, killings are going on in Maharashtra. Why are you not dismissing that Government? Therefore, this is the double standard of this Government. Then you take U.P. In the President's Address, there is not a single word about criminalisation of politics. I have gone through it. I know why they are doing it.

5.00 P.M.

There was a Minister — I read from a newspaper report — in U.P. who arrested his tenant and beat her up. But, no case was filed against that Minister. A lady was arrested, taken by force to that Minister's house and beaten. The result is, nothing. Sir, even the press reported this incident. No action has been taken so far. I am quoting a press report. Nobody can deny it. How many Ministers are there in U.P.? There are 103 Ministers. What is the total number of MLAs? It is 200. So much of rape of the Constitution is going on in this country. Now, I will come to the National Agenda. Before that, everybody has spoken about the atrocities on minorities. I quote some press reports. They can deny if I am wrong. Take Bihar first. There is Ranvir Sena. The BJP's Governor is there. On the first day the Governor landed in Bihar, he said, "My mission is to dismiss this Government." That- is how he started. Now, he is the commander of the administration. There you have Ranvir Sena which killed dalits. He has every authority to ban the Ranvir Sena. So far he has not banned the Sena. Why? Because they are accusing us that the dalits have been killed. If you have so much love for dalits, why has the Governor not banned the Ranvir Sena? You could have done it by now. Why are you not doing it? Because the Ranvir Sena is a part and parcel of the Sangh Parivar, you do not want to do it.

श्री ओंकार सिंह लखावत: सर, बिल्कुल गलत और बिल्कुल बेबुनियाद आरोप ये सदन के अंदर लगा रहे हैं ...(व्यवधान)... आप ऐसी गैर-जिम्मेदाराना बात न करें। ...(व्यवधान)... शाहबानों केस में कानून की हत्या कर चुके हैं। ...(व्यवधान) आप संघ परिवार को नहीं समझ रहे हैं। एक दिन आप भी संघ परिवार में आने वाले हो तब पता चलेगा कि संघ परिवार क्या है?

SHRI VAYALAR RAVI: Mr. Venkaiah Naidu was quoting the incidents. Sir, here is a report which says that a gangster, who belongs to U.P., was arrested from the house of a Member of Parliament belonging to the BJP. This is *Indian Express*. This is not a Congress paper. It says, "Tiwari is the prime accused in 1998 murders of CPI (M) MLA from Purnia, Shri Ajit Sarkar, Bihar Energy Minister, Shri Brij Bihari, the RJD MLA from Bihar, Shri B.P. Sahani and the Samata Party leader, Shri Promod Singh." Who is he? He is a gangster. He killed an artist; he killed an RJD leader and he killed MLAs. Where was he hiding? He was hiding in the house of a Member of Parliament belonging to the BJP. Then what did the BJP Government do? It dismissed the Rabri Devi's Government citing law and order problem. Is it not a conspiracy? Is it not a conspiracy by the Governor, the Central Government and the BJP to dismiss Rabri Devi's Government? Or, you must answer as to what action you have taken against the Member of Parliament on the basis of the report which appeared in the *Indian Express*. Sir, still he is a BJP Member. It shows that there is a conspiracy. There is a conspiracy.

Sir, come to Orissa. Yes, there was a killing. There was a heinous crime committed against minorities in Orissa. Who is behind it? I have got a copy of *Blitz*. Sir, *Blitz* is not a Congress paper. Sir, "Mr. Staiens was a social criminal," says a BJP Member of Parliament. When a person dies, even an enemy goes there and puts a wreath. That is the practice in this country. That is what Hinduism teaches us. The State BJP has created a furore and a Member of Parliament from Orissa says that Staiens was a social criminal. Who said it? It was Mr. Kharabela Swain, a BJP Party member of Parliament from Balasore. A Member of Parliament from Balasore says that he was a criminal. That is the justification given for burning the children and the father. Only the BJP can say so. Mr. Venkaiah Naidu was preaching to us some kind of thing. Who is Dara Singh? The Editor of *Blitz*, who is nominated by the BJP—he is not a Congress man-what did he say? He said, "Dara Singh has the BJP support." He is accused number one. So, in totality, starting from Gujarat and coming down all the way to Madhya Pradsh and Orissa, you can see that there is a definite conspiracy against the minorities. They are trying to create a different picture with a series of speeches made here by Mr. Arun Sourie and others saying that the conversions are one of the reasons. My friend, Mr. Rajagopal, gave a list of the accused in the Jhabua rape case. Sir, I am saying with all authority, come forward with the FIR filled in the police station. I challenge the BJP and the Members of Parliament. Please come forward with the original documents, with the names of the accused who had been in the police station. There was not a single Chritstian in that list.

I can produce a copy of the FIR, which states the names of the persons involved in the crime of rape. Unfortunately, Mr. Rajagopal, who is from Madhya Pradesh, has also mentioned some names. But it is not an official document or an FIR. I state it with all authority.

Now, so far as the governance is concerned, I have a very interesting paragraph to quote from the President's Address. It says, "I am happy to note that the National Agenda for Governance, which is the common policy convenant of the coalition Government, is being implemented faithfully." It further says, "Taken together, these initiatives have instilled..." Who taken together? Coalition partners! Mr. Hegde says that the problem of the Government is Amma, Mamta and Samta. It is not my statement. It is the statement of Mr. Hegde. Who settled it? Mr. Jaswant Singh was settling it between Chennai and Delhi. Now, he has gone to New York. Who is

settling it now? Mr. George Fernandes is settling it now. Is there any coalition? Is there any decision which is taken together? Mamta Banerji says that she was not consulted while taking decisions. So, she opposes. Mr. Chautala says that the big brother, the BJP, is insulting him and, therefore, they are going out. And the President says, "Taken together..." Chautala resigns and goes away. Is it the way to make the President speak?

Now, I come to transparency. I quote the fifth paragraph of the National Agenda. It says, "our first commitment to the people is to give a stable Government." Very, very stable Government! That is why they withdraw the Resolution. They are a failure. It further says, "...an honest, transparent and efficient Government, capable of accomplishing all-round development." Honest! I think, their dictionary must have some different meaning. I have a question for the hon. Defence Minister regarding a tank deal, worth Rs. 3,000 crores. I do not want the details now. But is it not true that the same tanks had been rejected earlier? When we ask for details, they say details cannot be disclosed. This is an answer to a question. This is transparency! Where is the transparency? There are so many deals. A big cetificate comes from Mr. Guruswamy in support of their transparency! In this regard, I will quote only one sentence. It says, "On the one hand I oppose the Suhartoism that was sought to be passed off by the PMO and the PMH..." The PMH means the Prime Minister's house. Mr. Vajpayee must answer this point before this House. Everyone knows that the Prime Minister's house means Suhartoism. The children of Suharto came to control 62 per cent of the wealth of Indonesia. Mr. Guruswamy says that the Prime Minister's house is protecting Suhartoism. I oppose it. I am saying nothing more in this regard now. But is it honesty? Is it transparency? here comes the first honest deal with Suzuki. In this regard, I would like to quote from the Business India, June 15-28, 1998. It says, "However, the bureaucracy seems to have been out of the loop with the Prime Minister's office playing a large role in settlements. The Prime Minister's political adviser, Shri Pramod Mahajan, was involved in the negotiations, according to sources. Suzuki's charm offensive included taking the film-star and the BJP Rajya Sabha MP, Shatrughan Sinha to Hammamatsu, Suzuki's headquarters, when Suzuki celebrated the 50th anniversary of India's independence."

One of your Members of Parliament had been taken to Japan to attend the celebrations. There were negotiations. This House should enquire into it. Today, Suzuki is gradually taking up 50:50 share and Bhaskarudu is out. Maruti will be taken over by Suzuki within 6 months because they are issuing more shares, they are cornoring more shares, and Suzuki is going to have complete command over Maruti, Maruti is gone. And, Sir, they talk about tansperancey. Now, the other point which they talk about is 'efficient Government.' Is it an efficient Government? This efficiency has been shown today, in the morning, here. In the morning, what they did was not because of any love for the Constitution. By this process of refusing to bring the Resolution before this House, the BJP Government has shown the utmost contempt to this House. Is it the way to run a Government? Is it the way? When this Government came to power, they said that they will honour the Constitution. The Government is sinking into corruption everyday. They are breaking the society into pieces because they are dividing the people on communal lines. They made the President to deliver an Address which has no value; and they have taken the credit for Pokharan. Sir, it is not a new thing at all. After that what happened; everybody knows; and, today, the Government, has failed to govern, they are spending more time to settle their own issues, and the internal contradiction in the BJP is also creating problems. Sir, look to Mr. Advani. He is the Home Minister. What did Mr. Advani do? The Prime Minister went on a bus, crossing

the Wagah border and went to Lahore. Mr. Advani thought why the Prime Minister alone should go; why should I not also go. Last week, Mr. Advani also crossed the Wagah border. I can understand his point. Because Advaniji wants to show that it is not Vajpayeeji alone who matters, but he also matters. he thought I am the Home Minister; so I will also cross the border. Is it the way there will be cohesion? What purpose is served by crossing the border? Is it not an attempt to belittle Mr. Vajpayee? I believe, it is a deliberate attempt by the Home Minister to belittle Mr. Vajpayee, the Prime Minister, because he belives he would also get some publicity. It is not the Congress that belittles him. We have a difference of opinion with him. We believe the bus diplomacy has not clicked. Sir, what is the agreement? The agreement is that, except Kashmir, there is a dialogue. Without Kashmir, what is the dialogue? Mr. Sharif never agreed to stop the terrorist activities by the ISI. He never agreed that border terrorism will not be exported to this country. He never agreed to anything on Kashmir. Without Kashmir, what is the agreement? The Shimla Agreement was a landmark. Unfortunately, the pettiness of the Government makes them call it the 'Lahore declaration'. As they have said in the budget where they removed the names of Jawahar Lal Nehru and Mrs. Indira Gandhi from the names of the schemes. They want to give importance to the Lahore Declaration. By doing so you have given up the spirit of the Shimla Agreement. The Shimla Agreement was the storngest document which helped India to frame its foreign policy and for any dialogue with Pakistan.

The Shimla Agreement signed by Mr. Bhutto and Mrs. Indira Gandhi was the base. It has gone. Now, the Lahore Declaration is a dilution. In the dilution, who is suffering? It is the minorities in Kashmir, the poor Kashmiri Pundits. They have become refugees in their own land. But is the Government doing anything? They are doing nothing. So, Sir, if you look at the National Agenda this agenda is promoting anti-constitutional activities. ....(*Interruptions*)...

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: It has never been said. It has never been said by the BJP Government. ...(*Interruptions*)...

SHRI VAYALAR RAVI: Let the Prime Minister clarify as to what is the status of the Shimla Agreement today. The emphasis has been shifted from the Shimla Agreement to the Lahore Declaration. What I am saying is that Governments may come and go, but governments should have some kind of dignity and decorum.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Your party has crossed 28 minutes.

SHRI VAYALAR RAVI: Yes. I am going to conclude.

Lastly, Sir, Mr. Rajagopal has said, "This Governmet has got some kind of concern for the Scheduled Castes people who are down-trodden." I wish they had taken the initiative of not denying a person from that community from becoming Chief Justice. But, under your administration, that chance has been denied. I do not want to go into the detail. You know it. Your Law Minister knows it. Mr. Rajagopal knows what I mean.

Mr. Venkaiah Naidu has asked us a question. I demand this from the Prime Minister. He must clarify this. He says from the housetop, "We dismissed the Rabri Government because dalits had been murdered." Can you give an aussurance on the floor of the House? Of course, your days are numbered. That is a different matter. But, if you remain in power, can you give an assurance on the floor of the House? The same way you asked of us, we want an assurance from you. Will you dismiss any government where a Dalit is murdered? The BJP will not dismiss their Government. Let it be any Government. So, your love and affection for the Dalits is hollow because in your history, never in your governance,

have you ever done anything to improve the living conditions of Dalits.

So, Sir, I conclude with thanks to Mr. Venkaiah Naidu for he has never accused the Congress Party of bringing this Constitution and including article 356 in it.

With these words, Sir, I hope the Prime Minister will explain the allegations of Mr. Guruswamy of Suhartoism and that he will also assure this House that if murder of a Dalit occurs in any State, he will definitely dismiss the State Government.

With these words, I oppose I conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): I think that you thought that you were speaking on Bihar.

Dr. Raja Ramanna absent.

Dr. C. Narayana Reddy.

DR. C. NARAYANA REDDY (Nominated): Mr. Chairman, Sir, thank you for the opportunity you have given. I am a humble man of letters, nor-political. Or you can call me "apolitical".

I would like to place a few humble observations on the President's Address. My points are related to education, literacy and computerisation of Indian languages, a much awaited subject.

Sir, it is quite welcome that the Government of India proposes to create Indian content in Indian languages on the Internet. In the context of the initiative of the SAARC countries for the development of computer facilities for the languages of these nations, I feel that in India we must build the process to enable us to take the full advantage of the SAARC countries' initiative.

Sir, I suggest immediate measures on the following items, namely:—

Number one, adherence to the common standard and coding of the ISCII, that is, the Indian Standard Code for Information Interchange. Unfortunately, even public sector organisations involved in making of fonts for computer and development of software and other facilities, are not strictly adopting the common code. Without such adoption, we cannot put the Indian content on the Internet in our languages.

Number two, projects for development of data based management packages for the benefit of Indian languages and scripts should be taken up.

No. 3, all facilities available in the English language computer shall be made available in the Indian languages.

Sir, the hon. President of India has emphatically declared in his Address that it is the first duty of the Government to ensure the well-being of all our citizens. It is gratifying to note that he has mentioned that investment in literacy, education and other important sectors is a major priority of the Government. I would like to make an observation on literacy. It is universally agreed that the percentage of literacy in any country reflects the progress and quality of life of the people. We know, the task of educating the millions of people is stupendous. In view of the size of our population, the efforts of the machinery shall have to be increased manifold. In a period of ten years, from 1981 to 1991, we could register an increase of 8.65 per cent in the rate of literacy i.e. from 43.56 per cent in 1981 to 52.21 per cent in 1991. The increase in female literacy is 9.53 per cent, whereas the increase male literacy is 7.75 per cent only. We must congratulate the people of Kerala for their sustained efforts in this regard. The State has 89.81 per cent literacy; and it is 100 per cent in Ernakulam district.

Sir, coming to the conclusion of my speech, I would like to express a few ideas regarding the values. There has been a gradual erosion of values, which is reflected in the day-to-day life of a large section of our present society. Our younger generation, under the growing influence of the negative aspects of Western culture, is stranded at the crossroad, not able to decide which direction to

take. Education should aim at the multi-faceted development of a humanbeing — his intellectual, physical, spiritual and physical development. Youth is the mirror in which the future of a nation is fully reflected. In ancient times, in the Gurukulas, emphasis used to be primarily on building the character of a student. Today, right from the schools up to the professional colleges, emphasis is on acquiring techniues and not on basic human values. We seem to have forgotten that the skills acquired by computers tend to become out dated after some time, but the values remain for ever. In other words, the present-day education is nothing but an information transmission process. Our educational system aims at only information-based knowledge and the holistic view of turning the student into a perfect human being and a useful member of the society has been completely set aside. In the words of Swami Vivekananda, education is not the amount of information that is put in your brain, which runs riot there undigested by your life. We must have a life-blooded man, making character and making assimilation of iduas. If education is identical with information only libraries are the greatest sages of the world and encyclopaedias Rishis.

Before concluding I would like to quote one *sher* from my *Ghazal* showing that I am not at all pessimistic about the future.

"बाग में अफवाह के मुरझा रहे है फूल सब,
गुल हुए गायब अरे फल बन के आने के लिए।"

श्री रुमन्दला रामचन्द्रैया (आन्ध्र प्रदेश): उपसभा-ध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय राष्ट्रपति जी का लोक-कल्याण एवं सरकार की विभिन्न नीतियों के बारे में दिए गए प्रभावी भाषण हेतु हार्दिक धन्यवाद देते हुए नेशनल एजेंडा एवं सभी वर्गों के कल्याण को बढ़ाने एवं त्वरित आर्थिक विकास के विभिन्न मुद्दों पर जोरदार भाषण दिया है। लेकिन जो गरीबों के बारे में और पिछड़े वर्गों के बारे में हथकरघों के बारे में जितने विषय उसमें रखने थे उतने विषय उसमें नहीं है। उदाहरण के रूप में सरकार ने जो 11 महीने में भारत का परिपालन किया है, उन दिनों में, उन महीनों में पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए क्या-क्या किया है। अगर उस पर दृष्टि डालें तो उतनी उन्नति नहीं हुई है जितनी कि होनी चाहिए थी। जैसे कि हम देश के हित में, किसानों के लिए बहुत सोचते हैं लेकिन बुनकर जो गांव में काम करते हैं उनके लिए उतना नहीं सोचते हैं। आज से 55 साल पहले, भारत की स्वतंत्रता से पहले महात्मा गांधी ने बहुत कुछ कहा था जब भारत को स्वतंत्रता मिली तो कोई भी बात करते हैं कि किसानों के बाद इस देश में बुनकर हैं। लेकिन बुनकरों के लिए जब प्रणाली बनाई जाती है या बजट रखा जाता है या कार्यक्रम बनाते हैं उसमें बुनकरों के लिए, हथकरघावालों के लिए जितना बजट रखना चाहिए, जितना उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिए, उन चीजों पर उनकी उतनी दृष्टि नहीं है।

आज संसार में महिलाओं का दिन है। महिलाओं के लिए जितने ठोस कदम उठाना है जितनी प्रणाली बनानी है अगर हम राज्य सरकारों की दृष्टि से देखें तौ आन्ध्र प्रदेश में महिलाओं के लिए उद्योगों में 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया गया है और महिलाओं के लिए एक विश्व विद्यालय खोला है। महिलाओं की जितनी भी मदद करनी है, उसके बारे में उन्होंने असेम्बली में प्रस्ताव पास किया है, कि राजनीति में महिलाओं को रिजर्वेशन देंगे। अगर एक राज्य सरकार इतने तेजी से महिलाओं की उन्नति के लिए ठोस कदम उठा रही है तो भारत सरकार को भी ऐसे कदम उठाने चाहिए! अगर भारत सरकार राष्ट्रपति अभिभाषण में कुछ महिलाओं के बारे में ज्यादा बताते तो बहुत अच्छा रहता। महिलाओं को भारत सरकार की नौकरियों में रिजर्वेशन मिलना चाहिए लेकिन भारत सरकार ने नौकरियों में महिलाओं के लिए रिजर्वेशन का प्रावधान नहीं किया है। आन्ध्र प्रदेश में उद्योगों में, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को रिजर्वेशन दिया जा रहा है। वहां पर महिलाओं को जितना गौरव दिया जा सकता है, उतना गौराव वहां की सरकार दे रही है। मेरी आपके माध्यम, से यह प्रार्थना है कि कम से कम भविष्य में आप महिलाओं को रिजर्वेशन दें।

भारत सरकार ने 1.4.99 में जो वस्त्र नीति बनाई है, उद्योग के मामले में अपग्रेडेशन कर दिया है और उसमें 25 हजार करोड़ रुपए रखा है। स्पिनिंग मिलों के अपग्रेडेशन के लिए जो ठीक दृष्टि है लेकिन जो हथकरघा बुनकर हैं— मिसाल के तौर पर यह तीन तरह के हैं काटन, सिल्क, वूल हैं। ये रा-मैटीरियल से कपड़ा बनाते हैं। लेकिन बाजार में बेचने के लिह मार्केटिंग की

सुविधा नहीं है। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। वे जितनी मेहनत करते हैं उतनी उन्हे मजदूरी नहीं मिलती है। इसके बारे में भी भारत सरकार को कदम उठाने चाहिएं और उनको मदद देने के लिए बजट में भी अलग से प्रोविजन करने होंगे। लेकिन भारत सरकार इतना प्रोविजन नहीं कर रही है। इसके लिए भारत सरकार से मेरी यह विनम्र प्रार्थना है कि बुनकरों की झोपड़ियों में कम से कम दिया जलाने के लिए जो तेल की आवश्यकता है, उसके लिए उनकी मदद करें।

इसके साथ-साथ कपास उत्पन्न करने वाले किसानों को राज्य सरकारों से कोई मदद नहीं मिल रही है। भारत सरकार ऐसी नीति अपनाए जिससे किसानों की भलाई हो। आज किसान हर जगह आत्म-हत्या कर रहे हैं। इसलिए इसके लिए एक फंड बनाया जाए और साथ ही साथ राज्य सरकारें भी उनकी मदद करें।

हमारा हिन्दुस्तान सर्वधर्म देश है। लेकिन अल्प-संख्यकों के ऊपर कुछ राज्यों में बहुत ज्यादा जुल्म हो रहे हैं, उनको कष्ट हो रहें हैं। जो समर्थ हैं, या गुंडा लोग हैं उनको अगर कष्ट दे रहे हैं तो उनके ऊपर भारत सरकार सख्ती करे और उनको समयबद्ध कड़ी से कड़ी सजा देकर उन लोगों की रक्षा करे। पाकिस्तान की यात्रा करने से इतना अच्छा रिजल्ट नहीं आएगा जितना कि ऐसा करने से होगा।

मैं प्राधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने भारत का प्रतिनिधि होते हुए पाकिस्तान की यात्रा की है। हमारा यह भी कहना है कि इसी तरह से चीन के साथ भी कुछ सोच-विचार करना चाहिए।

लघु, कुटीर, ग्रामीण उद्योगों एवं हथकरघा, हस्त-शिल्पी क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसरों के लिए यह आवश्यक है कि जो इनका उत्पादन होता है उनकी मार्केटिंग की सुविधा हो। लेकिन इस के लिए बजट में कुछ ज्यादा नहीं है, इसके लिए बजट बढ़ाना बहुत ही आवश्यक है।

माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में विद्या के संदर्भ में इसका समुचित उल्लेख नहीं है। उदाहरण के रूप में प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा या विश्वविद्यालय की शिक्षा के लिए जितना बजट में दिया जा रहा है उतना सहीं ढंग से खर्च नहीं हो पा रहा है। विद्यालयों में या माध्यमिक पाठशालाओं में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर या बिल्डिंग की पर्याप्त व्यवस्था के लिए कुछ भी नहीं है। सरकारी पाठशालायें सहीं ढंग से नहीं चल रही है, लेकिन प्राइवेट पाठशालाओं में, जैसे अल्पसंख्यकों ने जो पाठशालायें खोली हैं, उनमें यूनिफार्म, बजट या उनका रहन-सहन काफी अच्छा है। इस पर भी विचार कर इस पर दृष्टि रखनी बहुत ही आवश्यक है।

सरकार को वृद्ध लोगों की देखभाल के लिए जितने कदम उठाने चाहिए उतने कदम नहीं उठा रही है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में चुनावी वित्त पोषण संबंधी श्री इन्द्रजीत गुप्ता समिति का उल्लेख किया गया है। हम चाहते हैं कि चुनाव संहिता में इस प्रकार का संशोधन किया जाना चाहिए जिससे कि चुनावों में धनशक्ति एवं गुंडागर्दी का योगदान नगण्य हो। हम सरकार चला रहे हैं लेकिन चुनाव आने पर एक गरीब, एक मिडिल क्लास का आदमी चुनाव में ठहरने के लिए आज भी डरता है। इसलिए कि जो गुंडागर्दी करे या जो कोई पैसा ज्यादा खर्च करे या मध्यपान ज्यादा चलाए तो वही आदमी जीतता है। लेकिन नीतिवाले अच्छे आदमी का जीतना मुश्किल है। उदाहरण के तौर पर लोक सभा में प्रधान मंत्री जी ने यह कहा है कि भविष्य में मैं चुनाव में नहीं ठहरूंगा। उसका तात्पर्य, हम यह ग्रहण करते हैं कि इस संसार में, भारत देश में विविध राज्यों में जो चुनाव चलते हैं तो उसमें गुंडे लोग आकर गड़बड़ी करके, पूरी स्टैम्पिंग करके जीतते हैं। लेकिन जो नीति से, न्याय से, धर्म से जनता के लिए सेवा करते हैं और कुछ अच्छा काम करते हैं तो उनको कोई नहीं पूछता है। इसमें सुधार करने के लिए भारत सरकार को ही यह कदम उठाना चाहिए कि इलेक्शन का जो खर्च है वह भारत सरकार उठाए। वह लिमिटेशन करे जिससे इस भारत देश में अच्छे लोग आ सकें, या राज्य सभा में आ सकें। आपको मालूम होना चाहिए कि परसों महाराष्ट्र में हमारी कांग्रेस पार्टी में कुछ लोगों में क्या हुआ। जिसने सूटकेस ज्यादा चलाया, जिसने बैग ज्यादा चलाए, वे आए। जिसके पास नीति है, धर्म है, जनता के लिए सेवा करने के लिए समय है उसका आना मुश्किल हुआ है। इसमें सुधार लाने के लिए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जितना बोलना चाहिए था उतना नहीं बोला गया है। कम से कम भारत सरकार चलाने वाले ये सोचें, यह समझें। भविष्य में यह नीति लाएं, यह कानून बनाएं कि इलेक्शन का पूरा खर्च भारत सरकार ही विभिन्न मान्यताप्राप्त राजनीति पार्टियों को, दलों को, राज्य सरकारों को देगी, और एक अच्छा वातावरण लाएगी ताकि दूसरे देशवासी भी अगर भारत सरकार के, हमारे देश में विभिन्न प्रांतों में इलेक्शन हुए तो उनमें साधारण रूप से आ सकें।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पंचायती राज में काफी सुधार लाने के लिए कहा गया है। लेकिन आज की पंचायती राज व्यवस्था में डुप्लीकेशन है। एक जगह ग्राम

में ग्राम सरपंच रहता है, एम०पी०पी० का सदस्य रहता है, मंडल में एम०पी०पी० रहता है और जिला परिषद का मेम्बर रहता है। इससे जिला परिषद जनरल बाडी मीटिंग में एम०पी०पी० कुछ कहता है और जेड०पी० का मेम्बर कुछ कहता है। उससे डुप्लीकेशन होकर ग्राम में जितना सुधार होना चाहिए, ग्रामों में जितनी उन्नति होनी चाहिए वह नहीं होती। वहां की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए हमें हमारी पंचायती व्यवस्था में पुनः विचार करना चाहिए। गांव में राजनीति में चाहे कोई भी दल हो, एक प्रभुत्व चाहिए, या सरकार से, गवर्नमेंट से एक ही आदमी रहे। मंडल में एम०पी०पी० या जिला परिषद मेम्बर रहे। इस विषय में बहुत सुदृढ़ रूप से हम सब राजनीतिक दलों को बैठाकर डिफरेंट व्यूज लेकर भारत सरकार को पंचायती राज व्यवस्था में भी सुधार लाना चाहिए। ताकि ग्राम व्यवस्था सुधर सके।

भारत सरकार द्वारा भारतीय मूल के लोगों के लिए पी०आई०ओ० कार्ड की योजना सराहनीय है। इससे विदेशों में रहने वाले भारतीयों को सहायात मिलेगी। लेकिन सकल घरेलू उत्पादन के संबंध में तथा विदेशी मुद्रा के संबंध में आदरणीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कम उत्पादक खर्चों एवं स्रोतों के भरपूर इस्तेमाल पर बल दिया गया है। यहां मैं यह बताना अनिवार्य समझता हूं कि हर वर्ष बजट में जो भी संस्थाएं बनाई जाती हैं वे या तो सूक्ष्म कारणों से अथवा आगामी वर्षों में अनुरक्षण के अभाव में लगभग 30 से 50 प्रतिशत बेकार हो जाती हैं जैसे कि एन०जी०ओज० की संस्थाएं हैं या और कोई संस्थाएं हैं। ये लोग अच्छा चलाना चाहते हैं लेकिन भारत सरकार जो पैसे देती है, आज से 10 साल पहले या 20 साल पहले बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन हुआ है लेकिन आज अनुरक्षण न देने से, उसको सहायता ने देने से करोड़ों रुपये के पैसे का दुरुपयोग हो जाता है, बेकार पड़ा रहता है और उससे हमारे देश को बहुत ही नुकसान होता है। भविष्य में कम से कम उसकी देखभाल करने के लिए थोड़ा-बहुत बजट रखना आवश्यक है।

संपूर्ण विश्व ने सूचना एवं दूरसंचार के क्षेत्र में काफी उन्नति लाई है, लेकिन गांवों में, मंडल में, राज्यों में कंप्यूटरों या टेलीफोन के क्षेत्र में भारत में जितनी उन्नति होनी चाहिए उतनी नहीं हुई है। उसके बारे में भी सोचना चाहिए।

आपको मालूम होना चाहिए आन्ध्र प्रदेश में जनता की सहभागिता से वहां की सरकार बहुत कुछ कदम उठा कर गत तीन वर्षों से अच्छे-अच्छे कार्यक्रम चला रही है उदाहरण के रूप में वॉटर रिसोर्सेस कमेटी या वन संपदा कमेटी या विद्या कमेटी इत्यादि-इत्यादि मुख्यतः जनभागीदारी को लेकर वहां की सरकार ने बहुत कुछ काम किया है। एक दिशा होनी चाहिए जो भी सरकार चला रही है, एक प्लानिंग होना चाहिए जैसा आन्ध्र प्रदेश में विज़न 2020 को लेकर सरकार जनता की सहायता से, हर कदम पर, एक विकास स्वरूप लेकर मुख्य मंत्री जी आगे बढ़ रहे हैं। भारत सरकार की इस अभिभाषण में एक दिशा नहीं है कि इस देश को किस ओर ले जाना चाहते है।

इस देश की जनता में 80 फीसदी गरीब हैं। खाने के लिए खाना नहीं है, पहनने के लिए कपड़ा नहीं है, रहने के लिए मकान नहीं है। उसके लिए क्या कदम उठाना चाहते हैं और गरीबों के लिए क्या करना चाहते हैं भाषण देते समय तो हर आदमी कह देता है, लेकिन करते समय कुछ नहीं होता। उदाहरण के रूप में जैसे बुनकर लोग हैं। उनके पास आज रहने के लिए मकान नहीं है, पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं और खाने के लिए खाना नहीं है। जहां रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता है, उसके साथ-साथ देश की उन्नति की भी आवश्यकता है। आपके माध्यम से मैं सरकार से यह प्रार्थना करता हूं कि यहां जो गरीब है उसके लिए कोई पालिसी बनाएं। सस्ते रेट पर कपड़ा दें और खाना दें। उनके लिए मकानों के विषय में अगर सोचें तो 20 लाख मकान बनाने के बारे में कहा गया है, लेकिन आन्ध्र प्रदेश में हर साल 20 लाख मकान बन रहे हैं। आप सोचिए कम से कम जहां देश में 100 करोड़ जनता रहे और 80 करोड़ जनता गरीब हो तो उनके लिए हर साल ज्यादा से ज्यादा आपके बजट में मकानों के लिए रकम रहनी चाहिए। दो से तीन करोड़ मकान हर साल बनाने की आवश्यकता है। इसके माध्यम से मैं भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए आपके माध्यम से उनसे यह अनुरोध करता हूं कि गरीब जनता के लिए कुछ न कुछ करें। जैसे हमारे देश में अल्लाह है, भगवान है, गॉड है, रास्ते अलग-अलग हैं लेकिन भगवान सब का एक है, वह सोच कर भारत सरकार को सब जनता को समग्र दृष्टि से और समरूप से देखना चाहिए। आज के वातावरण में अल्पसंख्यक बहुत ही बाधाजनित है। उसके लिए कोई भी दोषी हो उसको दंड देना सरकार का प्रथम कर्तव्य है। धन्यवाद।

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, राष्ट्रपति द्वारा अभिभाषण करने का मैं धन्यवाद करता हूं, किन्तु अभिभाषण में दिए गए तथ्यों का विरोध करता हूं, क्योंकि वे सत्य से परे हैं एवं अनावश्यक रूप से तथ्यों को बढ़ा-चढ़ा कर कहा गया है। एक ही बात की कई बार पुनरावृत्ति की गई है। अभिभाषण के कुछ बिंदुओं

को मैं उद्धृत करना चाहता हूं। क्रमांक-8 पर दिया है कि, "पंथ निरपेक्षता की जड़ें हमारे समाज और राज-व्यवस्था में बहुत गहरी हैं। इसलिए सरकार इसे बनाए रखने के लिए पूर्णतः वचनबद्ध है। हाल ही में गुजरात, मध्यप्रदेश और उड़ीसा में हुई कुछ घटनाएं हमारे लिए वेदना एवं चिंता का विषय बनी रही हैं।" महोदय, यह पंक्तियां अपने आप में विरोधाभास को परिलक्षित करती हैं। इसे यदि दूसरे शब्दों में कहा जाय तो यह कहा जा सकता है कि पंथ-निरपेक्षता की आड़ में सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया गया है और आए दिन आज अल्पसंख्यकों एवं दलितों के साथ ज्यादतियां, अत्याचार, अनाचार, बलात्कार और हत्या आम बात हो गयी है और सरकार इन घटनाओं पर मूक-दर्शक बनी रहती है, कोई गंभीर कदम नहीं उठाती और धर्म-निरपेक्षता को समभाव कहा जाता है। लेकिन मैं समझता हूं कि अब इसे सम-अत्याचार के रूप में बदल दिया गया है।

महोदय, आंतरिक सुरक्षा के मामले में सरकार द्वारा जम्मू-काश्मीर में शांति की बहाली करने व सामान्य आर्थिक, समाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों की बहाली का ढिंढोरा पीटा गया है, किंतु कत्ले-आम का सिलसिला उस दिन भी जारी रहा जब प्रधान मंत्री जी शांति की बहाली के लिए पाकिस्तान की यात्रा पर बस से गए थे। मेरी समझ में काश्मीर में आंतकवादी घटनाओं के घट जाने के बाद हमारी सरकार द्वारा शोक संवेदना जरूर प्रकट की जाती है, लेकिन अपनी कमजोर आई०एस०आई० के मत्थे मढ़ने के अलावा और कोई कारगर उपाय नहीं करती। महोदय, यह तो आंतकवाद का छोटा सा नमूना है, देश में सब से ज्यादा भयावह दृश्य सामंतवाद का है जिस के कारण सामंतवाद के शिकार लोग अपना घर-बार छोड़कर बड़े शहरों में गंदे नाले के किनारे, रेल की पटरियों के किनारे और सड़क के किनारे झुग्गी-झोंपड़ियों में अपनी गुजर-बसर करते हैं और स्लम लार्ड्स के शोषण का शिकार होते हैं। महोदय, इन की संख्या अत्यधिक होने के बावजूद अभिभाषण में इन शोषित शरणार्थियों के हितों के बारे में उल्लेख तक नहीं किया गया है।

महोदय, बेरोजगारी हटाओ लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार के राष्ट्रीय एजेंडा में त्वरित व संतुलित आर्थिक विकास की पूर्ण अपेक्षा है, किंतु सरकार के 11 माह के शासन में इस की कोई झलक भी नहीं दिखाई दे रही है और न ही इस का ब्यौरा ही है। हो सकता है भविष्य में कारसेवकों की भर्ती करके बेरोजगारी हटाने के कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। उत्तर प्रदेश में अभी कुछ माह पूर्व एक लाख दस हजार समूहगत इन लोगों की वेकेंसी निकाली गयी, लेकिन उसमें सारी प्रक्रिया के बाद 4-6 दिन पहले पेपर्स में आया है कि सारी नियुक्तियों को निरस्त किया जा रहा है।

महोदय, इस समय केन्द्र और राज्य सरकारें दोनों ही अत्यधिक वित्तीय दबाव में है। इस के लिए व्यर्थ और कम प्राथमिकता वाले व्यय पर अधिक नियंत्रण लगाकर स्थिति को कंट्रोल करने की बात कही गयी है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के 95 मंत्री इस का एक नमूना है जिससे कि प्रदेश की नियंत्रित अर्थ-व्यवस्था की हालत का अंदाजा होता है।

महोदय, कृषि हमारी अर्थ-व्यवस्था का मुख्य आधार है और हमारी जनसंख्या की जीविका का साधन है, इस में रंच-मात्र भी संदेह नहीं है, किंतु इस अभिभाषण में कृषि कार्य में परिवार सहित लगे खेतिहर मजदूरों की कोई चर्चा नहीं की गयी है जोकि दिन-रात खून-पसीना एक कर बीबी-बच्चों सहित कृषि कार्य में लगे रहते हैं, किंतु उन के पास खेत तक नहीं हैं। महोदय, ऐसे लोगों की संख्या कुल कृषकों का 50 प्रतिशत है। इनकी दशा सामंती व्यवस्था के शासकों के कारण बदतर होती जा रही है, किंतु इन की स्थिति में सुधार के बारे में अभिभाषण में कोई चर्चा नहीं की गयी है।

महोदय, अभिभाषण के क्रमांक-19 से मैं थोड़ा सा अंश उद्धृत करना चाहता हूं। "आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और उनके मूल्यों के बारे में इन वस्तुओं की पहले से चेतावनी देने के लिए एक राष्ट्रीय सफल पूर्वानुमान केन्द्र की स्थापना की गयी है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की ध्यानपूर्वक निगरानी के लिए खाद्य और उपभोक्ता मंत्रालय में एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है। यह प्रकोष्ठ एक उच्च-अधिकार प्राप्त मूल्य नियंत्रण बोर्ड को सचिवालयीन सेवा दे रहा है। मूल्य स्थिति की समीक्षा करने के लिए इस बोर्ड की साप्ताहिक बैठक होती है। इसका परिणाम पिछले कुछ महीनों में यह दिखाई दिया कि इसके कारण जो ब्याज का नियंत्रित मूल्य है, वह केवल साठ रुपए से सौ रुपए के बीच में ही रहा। यह इस कृषि प्रधान देश का ऐतिहासिक नहीं बल्कि विश्व रिकार्ड इसी सरकार की देन है।

[The Deputy Chairman in the Chair]

महोदया, आवास नीति, 1998 के तहत एक वर्ष में बीस लाख अतिरिक्त मकानों के निर्माण की योजना बताई गई है। इससे हमारे इस्पात, सीमेंट और निर्माण सामग्री

वाले उद्योगों को बढ़ावे के साथ साथ कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। यह एक शेख चिल्ली की कहानी का द्योतक है। मेरी राय में इसका वह अंश छूट गया है कि भविष्य में रामलल्ला के मंदिर का कार्य आरंभ करके रोजगार का रास्ता जो है वह प्रशस्त किया जाएगा।

महोदया, अपने नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करना किसी भी सरकार का पहला कर्तव्य होता है। साक्षरता, शिक्षा, विशेषकर प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और पेयजल के क्षेत्र में निवेश करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इन सभी सुविधाओं से खासतौर से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग वंचित हैं, जिनकी संख्या इस देश में 25 प्रतिशत है। इन्हें सुविधाएं कैसे प्रदान की जाएं, इसका कोई तौर-तरीका इसमें नहीं बताया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार समाज के सबसे गरीब वर्गों की सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए उपाय करेगी, किन्तु उपाय के तौर-तरीके का जिक्र इस अभिभाषण में नहीं है। हो सकता है कि जल्द ही पूरे देश में शिव सेना और रनबीर सेना की तर्ज पर सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जाए।

महोदया, गत वर्ष डा० अम्बेडकर जन्म दिवस पर कल्याण मंत्रालय का नाम बदलकर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय रखा गया। यह एक साहसिक और ऐतिहासिक कार्य प्रतीत होता है और इससे ज्यादा ऐतिहासिक कदम विभाग का नाम बदलने के साथ-साथ यह किया गया है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण का करोड़ों रुपया उन पर खर्च न करके पशुओं के कल्याण में और अन्य मदों में लगाया जा रहा है।

महोदया, प्रधान मंत्री जी ने 20 और 21 फरवरी, 1999 को दिल्ली से लाहौर बस सेवा के उद्घाटन अवसर पर बस से यात्रा की, जिससे मैत्री की भावना एवं शांति का संदेश जागृत हुआ। यह एक ऐतिहासिक कदम है। इसके साथ-साथ प्रधान मंत्री जी के कार्यकाल में 11 और 13 मई, 1998 को पोखरण में सफलता-पूर्वक परमाणु परीक्षण होना सरकार का ऐतिहासिक कदम रहा है, जिससे भारत एक परमाणु शस्त्र संपन्न राष्ट्र बना, वहीं खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आज के परमाणु युग में भारत देश में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों के साथ अत्याचार हो रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रों में आज भी हमारे आदिवासी नंगे हैं, भूखे हैं, अशिक्षित हैं। उनके यहां विकास की किरण तक नहीं पहुंची है। इस अभिभाषण में उनके प्रति सद्भावना भी व्यक्त नहीं की गई है।

महोदया, इस अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों का वर्णन, सरकार की कमियों को छिपाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर किया गया है। मैं इस अभिभाषण में दिए गए अनावश्यक तथ्यों का विरोध करता हूं। धन्यवाद, महोदया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now we have just six minutes left for the statement to be made by the Defence Minister

आज जो भी बोलेंगे, उनके लिए 6 मिनट का समय है। 6 मिनट में कौन बोल सकता है?...(**व्यवधान**)...चूंकि 6 मिनट के बाद मैं बिल्कुल घनटी बजा दूंगी। इसलिए बेहतर होगा कि कल हमारे पास समय है पूरे दिन का, तो कल बोल लीजिएगा। बाकी टाइम जो बचा है 3 घंटा 15 मिनट का, कुल सुबह 12 बजे से इस पर फिर डिसक्शन करें। हम लोगों के पास इस समय स्टेटमेंट है मिनिस्टर का। बीच में आपकी तकरीर आधी हो तो कुछ अच्छा नहीं लगेगा।

मौलाना ओबेदुल्ला खान आज़मी (बिहार): मैडम, 6 मिनट बोलकर कल फ़िर बोल सकते हैं, अगर इजाजत हो तो।

†[مولانا عبید اللہ خاں اعظمی: میڈم - ۶ منٹ بول کر پھر بول سکتے ہیں - اگر اجازت ہو تو -]

उपसभापतिः नहीं। आपकी बात अधूरी यहां सुनाई दे और सारी रात लोग सोचते रहे कि आए क्या बोलना चाह रहे थे, उस टेंशन से मैं सबको बचाना चाहती हूं। डिफेंस मिनस्टिर साहब।

STATEMENT BY MINISTER

Re. Crash of an Indian Air Force Aircraft Near Indira Gandhi International Airport, New Delhi

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI GEORGE FERNANDES); Sir, on 7 March 1999, an AN-32 aircraft of the Indian Air Force crashed while

†[ ]Transilteration in Arabic Script